# बिहार लोक सेवा आयोग

# 29 वर्ष (39वीं-66वीं)

## अध्यायवार हल प्रश्न पत्र

# सामान्य अध्ययन

## प्रारंभिक परीक्षा

नि:शुल्क सामग्री के लिए नीचे दिये गये Coupon को Scratch कर अपना Coupon Code प्राप्त करें। सामग्री के लिए chronicleindia.in पर अपना रजिस्ट्रेशन करें, अगर पहले से ही रजिस्टर्ड हैं तो दोबारा जरूरत नहीं

**संपादकः** एन. एन. ओझा
(सिविल सेवा परीक्षाओं के मार्गदर्शन में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव)
**उत्तर प्रस्तुतिः** क्रॉनिकल संपादकीय समूह

CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# बिहार लोक सेवा आयोग अध्यायवार हल प्रश्न पत्र

**बुक कोडः 398**

**संस्करण 2022**

**मूल्यः ₹ 270/-**

**ISBN : 978-81-950712-4-1**

**प्रकाशक**

क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा. लि.

**कॉरपॉरेट ऑफिसः**

ए-27डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301,

फोन नंः 0120-2514610-12,

E-mail : info@chronicleindia.in

**संपर्क सूत्रः**

**संपादकीय :** 9582948817, editor@chronicleindia.in

**ऑनलाइन सेल सहयोगः** 9582219047, onlinesale@chronicleindia.in

**तकनीकी सहयोग :** 9953007634, Email Id: it@chronicleindia.in

**विज्ञापन :** 9953007627, advt@chronicleindia.in

**सदस्यता :** 9953007629, Subscription@chronicleindia.in

**प्रिंट संस्करण सेल :** 9953007630, circulation@chronicleindia.in

**सर्वाधिकार सुरक्षित © क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा. लि.:** इस प्रकाशन के किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानान्तरण, किसी भी रूप में या किसी भी विधि से- इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या किसी और ढंग से, प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता।

पुस्तक में प्रकाशित सामग्री उपरोक्त विषय पर प्रकाशित पुस्तकों/जर्नल/रिपोर्ट/ऑनलाइन कंटेंट आदि से संकलित है। लेखक/संकलनकर्ता/प्रकाशक, प्रकाशित सामग्री की मूल लेखन का दावा नहीं करता। प्रकाशित सामग्री को पूर्णतः त्रुटि रहित बनाने का प्रयास किया गया है, फिर भी किसी भी प्रकार के त्रुटि के लिए क्षतिपूर्ति का दावा प्रकाशक/लेखक द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। शंका की स्थिति में पाठक स्वयं भारत सरकार के दस्तावेज व अन्य स्रोतों के माध्यम से जांच कर सकते हैं सभी विवादों का निपटारा दिल्ली न्यायिक क्षेत्र में होगा।, **पंजीकृत कार्यालयः** एच-31, जी.पी. एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016, **मुद्रकः** एस के एंटरप्राइजेज, मुंडका, उद्योग नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली - 110041

# पुस्तक के विषय में...

पुस्तक में बिहार लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के विगत 29 वर्षों का अध्यायवार हल दिया गया है। इसकी परिकल्पना 'पहले अभ्यास करें, फिर पढ़ें' के आधार पर तैयार की गई है। पुस्तक में प्रश्नों का विस्तृत हल तथ्यात्मक और व्याख्यात्मक रूप में दिया गया है, जिसकी संकल्पना मूलत: विगत वर्षो में पूछे गए प्रश्नों की पृष्ठभूमि से या इसके समकक्ष कोई प्रश्न किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में पूछा जाए तो इन प्रश्नों के व्याख्या से उसका उत्तर दिया जा सकें।

राज्यस्तर पर आयोजित होने वाले अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सीडीपीओ, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा, बिहार वन रक्षक भर्ती परीक्षा, बिहार होम गार्ड परीक्षा आदि में हाल के वर्षो में जो प्रश्न पूछे जा रहे है, वह बीपीएससी प्रश्नों के प्रकृति की अनुरूप पूछे जा रहे हैं, परन्तु प्रश्नों का स्तर इन परीक्षाओं में बीपीएससी तुलना में आसान होता है। पुस्तक में दिए गए अध्यायवार प्रश्नों के हल से आप बीपीएससी के अलावा अन्य राज्यस्तर पर आयोजित होने वाले सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के उत्तर प्राप्त करने के साथ ही अतिरिक्त अध्ययन सामग्री भी पढ़ सकते हैं।

# अनुक्रमणिका


**1. भारतीय इतिहास........................... 5-78**

**प्राचीन भारत.................... 5**

- प्रागैतिहासिक काल 5
- सिंधु घाटी सभ्यता 5
- वैदिक काल 6
- जैन धर्म 7
- बौद्ध धर्म 8
- महाजनपद काल 10
- मौर्यकाल 11
- मौर्योत्तर काल 16
- प्राचीन भारत में स्थापत्य कला 16
- गुप्त एवं गुप्तोत्तर काल 17
- सूफी एवं भक्ति आंदोलन 19
- दक्षिण भारत का इतिहास 20

**मध्यकालीन भारत.................... 20**

- प्रा. मध्यकालीन भारत के प्रमुख राजवंश 20
- भारत पर विदेशी आक्रमण 20
- दिल्ली सल्तनत 21
- विजय नगर साम्राज्य 25
- मुगल साम्राज्य 26
- मुगल साम्राज्य का पतन 29
- मराठा साम्राज्य 30

**आधुनिक भारत.................... 30**

- यूरोपीय कंपनियों का आगमन 30
- भारतीय अर्थव्यवस्था पर ब्रिटिश प्रभाव 33
- भारत में ब्रिटिश राज्य की संवैधानिक संरचना 35
- 1857 का विद्रोह 37
- किसान एवं आदिवासी विद्रोह 40
- भारत में धार्मिक एवं सामाजिक पुनर्जागरण 43
- भारत में राष्ट्रवाद 47

**भारत का स्वतंत्रता आंदोलन.................... 51**

- भारत का स्वतंत्रता आंदोलन 51
- गांधी युग 70
- अन्तरिम सरकार का गठन 76
- स्वतंत्रोतर भारत 77

**2. भारत एवं विश्व का भूगोल ............. 79-116**

**भौतिक भूगोल.................... 79**

- भारत एवं विश्व की भौगोलिक स्थिति 79
- वायुमंडलीय आद्रता 80
- भारत की भू-आकृति प्रदेश 81
- भारत का अपवाह तंत्र 82
- भारत की जलवायु 82
- भारत की प्राकृतिक वनस्पति 83

- सौरमंडल 84
- पृथ्वी की गतियां 85
- पृथ्वी की उत्पत्ति एवं भूगर्भिक इतिहास 85
- चट्टानें 85
- भूकंप एवं ज्वालामुखी 86
- मैदान 86
- भारत की मृदा 86
- मृदा 87
- जलमंडल 87
- जलडमरूमध्य एवं जलसंधियां 90
- सूर्यताप एवं तापमान 91
- वायुमंडलीय दाब 91
- विश्व जलवायु प्रदेश 91
- नदी/बंदरगाह 91
- मरुस्थल 95
- झील/झरने 96
- पर्वत/पठार 96

**आर्थिक भूगोल ( भारत एवं विश्व )................................ 98**

- भारतीय कृषि 98
- खनिज संसाधान 101
- ऊर्जा संसाधन 103
- भारत के उद्योग 105
- परिवहन एवं संचार 107
- विश्व में कृषि एवं फसल उत्पादन 109
- खनिज एवं उद्योग 110

**सामाजिक भूगोल ( भारत एवं विश्व )........................... 111**

- भारतीय जनसंख्या की संरचना 111
- विश्व जनसंख्या और जनजातियां 114
- विविध 115

**3. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी........... 117-120**

- पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी 117
- जैव-विविधता 118
- प्रदूषण 118
- जलवायु परिवर्तन 119
- आपदा प्रबंधन 120

**4. भारतीय राजव्यवस्था.................... 121-148**

- भारत का संवैधानिक विकास 121
- संविधान का निर्माण 121
- संघ एवं राज्य क्षेत्र 122
- नागरिकता 124
- मौलिक अधिकार 125
- राज्य के नीति निर्देशक तत्व 125
- मूल कर्त्तव्य 126
- केंद्र राज्य संबंध 126
- राष्ट्रपति 127
- उपराष्ट्रपति 129
- प्रधानमंत्री 129
- केंद्रीय मंत्रिपरिषद 130
- संसद 130
- उच्चतम न्यायालय 135
- राज्यपाल 136
- मुख्यमंत्री 137
- राज्य विधानमंडल 137
- उच्च न्यायालय 138
- राजभाषा 138
- पंचायती राज 138
- संवैधानिक एवं गैर-संवैधानिक निकाय 143
- संविधान की अनुसूचियां 145
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 145
- संविधान संशोधन 147

**5. भारतीय अर्थव्यवस्था.................... 149-171**

- परिचय एवं संबंधित अवधारणाएं 149
- आर्थिक विकास 150
- आर्थिक नियोजन 152
- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र 154
- उद्योग 156
- सेवा क्षेत्र 157
- मुद्रा एवं बैंकिंग 158
- बीमा एवं पूंजी 161
- वित्त, राजकोषीय नीति एवं जीएसटी 161
- विदेशी व्यापार एवं भुगतान संतुलन 165
- मानव एवं सामाजिक आर्थिक विकास 166
- अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं एवं व्यापारिक संगठन 169

**6. सामान्य विज्ञान........................ 172-211**

- जीव विज्ञान 172
- भौतिक विज्ञान 186
- रसायन विज्ञान 198
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी 210

**7. राज्य विशेष............................. 212-242**

**8. समसामयिकी........................... 243-264**

**9. खेल ...................................... 265-266**

**10. गणित ................................... 267-296**


❖◆❖◆❖

# 01 भारतीय इतिहास

## प्राचीन भारत

### प्रागैतिहासिक काल

**प्रश्नः प्रथम मानव जीवाश्म भारत की किस नदी घाटी से प्राप्त हुआ था?**

(a) गंगा घाटी (b) यमुना घाटी
(c) नर्मदा घाटी (d) ताप्ती घाटी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी ( री एक्जाम ) प्रा. परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (c),** प्रथम मानव जीवाश्म की प्राप्ति भारत में मध्यप्रदेश के नर्मदा घाटी से हुई है। नर्मदा घाटी को विश्व की सबसे प्राचीन घाटियों में माना जाता है।

- यहां भीमबैठका, भेड़ाघाट, नेमावर, हरदा, ओंकारेश्वर, महेश्वर, होशंगाबाद, बावनगजा, अंगारेश्वर, शूलपाणी आदि नर्मदा तट के प्राचीन स्थान हैं।
- भीमबेटका (भीमबैठका) भारत के मध्यप्रदेश प्रांत के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदिमानव द्वारा बनाए गए शैलचित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। इन चित्रों को पुरापाषाण काल से मध्यपाषाण काल के समय का माना जाता है।
- नर्मदा घाटी में डायनासोर के अंडे भी पाए गए हैं और यहां कई विशालकाय प्रजातियों के कंकाल भी मिले हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में तो कई गुफाएं हैं। एक गुफा में 10 हजार वर्ष पुराने शैलचित्र मिले हैं।

---

**प्रश्नः भारत में पशुपालन एवं कृषि के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए हैं**

(a) अंजिरा से (b) दम्ब सदात से
(c) किली गुल मोहम्मद से (d) मेहरगढ़ से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**64वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2018**

**उत्तरः (d),** मेहरगढ़ भारतीय उपमहाद्वीप की पुरानी कृषि बस्ती है। सर्वप्रथम यहीं पर कृषि एवं पशुपालन के साक्ष्य प्राप्त हुए, पालतु जानवरों में मवेशी, भेड़, बकरी, भैंस, जबकि खेती किए गए पौधों में गेहूं, जौ की कई किस्में, मेहरगढ़ से प्राप्त हुए है। यह एक नवपाषाणकालिक स्थल है।

---

**प्रश्नः निम्नलिखित में से किसको चालकोलिथिक युग भी कहा जाता है?**

(a) पुरापाषाण युग (b) नवपाषाण युग
(c) ताम्रपाषाण युग (d) लौह युग

**44वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2000-01**

**उत्तरः (c),** जिस काल में मनुष्य ने पत्थर और तांबे के औजारों का साथ-साथ प्रयोग किया उस काल को ताम्र पाषाणिक काल कहते हैं। ताम्र पाषाणिक युग को ही चालकोलिथिक युग के नाम से जाना जाता है।

### सिंधु घाटी सभ्यता

**प्रश्नः निम्न में से किस हड़प्पा नगर में जुते हुए खेतों के निशान मिले हैं?**

(a) कालीबंगन (b) धौलावीरा
(c) मोहनजोदड़ो (d) लोथल
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (a),** कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले का एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्थल है। यहाँ सिंधु घाटी सभ्यता के महत्वपूर्ण अवशेष मिले हैं। कालीबंगा एक छोटा नगर था।

- यहाँ एक दुर्ग मिला है। प्राचीन द्रषद्वती और सरस्वती नदी घाटी वर्तमान में घग्गर नदी का क्षेत्र में सैन्धव सभ्यता से भी प्राचीन कालीबंगा की सभ्यता पल्लवित और पुष्पित हुई। कालीबंगा 4000 ईसा पूर्व से भी अधिक प्राचीन मानी जाती है।
- सर्वप्रथम 1952 ई में अमलानन्द घोष ने इसकी खोज की। बी.के थापर व बी.बी लाल ने 1961-69 में यहां उत्खनन का कार्य किया।
- यहाँ विश्व का सर्वप्रथम जोता हुआ खेत मिला है और 2900 ईसापूर्व तक यहाँ एक विकसित नगर था।
- कालीबंगा सिंधु भाषा का शब्द है जो काली+बंगा (काले रंग की चूड़ियां) से बना है। काली का अर्थ काले रंग से तथा बंगा का अर्थ चूड़ीयों से है।

---

**प्रश्नः निम्न कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

I. हड़प्पा का उत्खनन 1921 में किया गया था।
II. वर्तमान में, हड़प्पा पाकिस्तान में है।
III. हड़प्पा ब्यास नदी के किनारे था।
IV. हड़प्पा के उत्खननकर्ता आर. डी. बनर्जी थे।
V. छत्र वाला ताम्र-रथ हड़प्पा से मिला है।

(a) केवल I और II
(b) केवल I, II और V
(c) केवल II और IV
(d) केवल I, II, III और IV
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2019**

**उत्तरः (a),** हड़प्पा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है जिसका उत्खनन दयाराम साहनी द्वारा 1921 में किया गया था जबकि हड़प्पाकालीन ताम्र रथ दैमाबाद से प्राप्त हुआ है। यह पुरास्थल महाराष्ट्र प्रांत में स्थित है।

- ज्ञात हो की भारतीय पुरातत्त्व विभाग के तत्कालीन डायरेक्टर जनरल जॉन मार्शल ने सन 1924 में सिंधु घाटी में एक नई सभ्यता की खोज की घोषणा की थी।

---

**प्रश्नः सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता क्या है?**

(a) पकी ईंट से बनी इमारत
(b) प्रथम असली मेहराब
(c) पूजा-स्थल
(d) कला और वास्तुकला
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2018**

**उत्तरः (e),** सिंधु घाटी सभ्यता की प्रमुख विशेषता इसकी नगर नियोजन प्रणाली को माना जाता है। इस सभ्यता के भवन ग्रिड पद्धति से बने थे, सड़के एक-दूसरे को समकोण पर काटती थी, नगर में नालियों द्वारा पानी निकास की विकसित प्रणाली थी।

**प्रश्नः निम्न में से किस हड़प्पाकलीन स्थल से 'हल' का टेराकोटा प्राप्त हुआ?**

(a) धौलावीरा (b) बनावली
(c) कालीबंगा (d) लोथल
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**60-62वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2017**

**उत्तरः (b),** बनवाली एक सैंधव सभ्यताकालीन स्थल है, जो हरियाणा के हिसार जिले में स्थित है। इस स्थल का उत्खनन 1974 में आर.एस. विष्ट द्वारा करवाया गया। इस स्थल से हड़प्पा संस्कृति के तीन स्तर प्राप्त हुए हैं- प्राक हड़प्पा, विकसित हड़प्पा, उत्तर हड़प्पा। यहां से जल निकास प्रणाली, जो सिंधु सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता थी का अभाव था। यहां से हड़प्पाकालीन मिट्टी के उत्कृष्ट बर्तन, सेलखड़ी की अनेक मुहरें आदि अवशेष प्राप्त हुए हैं।

- खुदाई में प्राप्त अन्य वस्तुओं में- मृदभांड, मुहरें, बटखरे, चूड़ियां आदि प्राप्त हुए हैं। यहां से मिट्टी का बना हल तथा कुछ स्त्री की आकृति वाली मूर्तियां मिली हैं जौ के दाने भी काफी मात्रा में प्राप्त हुये हैं। सड़कों तथा नालियों के अवशेष, मनके, ताँबे के बाणाग्र, चर्ट के फलक, पकाई मिट्टी की मुहरें प्राप्त हुये हैं।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के उत्खनन से सम्बन्धित नहीं थे?**

(a) आर.डी. बनर्जी (b) के.एन. दीक्षित
(c) एम.एस. वत्स (d) वी.ए. स्मिथ

**56-59वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2015**

**उत्तरः (d),** उपलब्ध विकल्पों के अनुसार आर.डी. बनर्जी, के.ए. दीक्षित, एम.ए. वतन ने 1953 में रंगपुर (गुजरात) की खोज की। ये सभी भारतीय पुरातत्वविद थे, जबकि हड़प्पा, मोहनजोदड़ो के उत्खनन से संबंधित थे। वी.ए. स्मिथ विदेशी इतिहासकार थे।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन-सा एक हड़प्पा का बन्दरगाह है?**

(a) सिकंदरिया (b) लोथल
(c) महास्थानगढ़ (d) नागपट्टनम

**53-55वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2011**

**उत्तरः (b),** लोथल का उत्खनन सर्वप्रथम एस.आर. राव ने 1957 ई. में किया। यह वर्तमान गुजरात के अहमदाबाद जिले के सरागवाला ग्राम से 80 किमी. दक्षिण में भोगवा नदी के तट पर स्थित था। सागर तट पर स्थित यह स्थल पश्चिमी एशिया से व्यापार का प्रमुख बंदरगाह था। फारस की मुद्रा या सील और पक्के रंग में रंगे हुए पात्रों की उपलब्धि से स्पष्ट है कि लोथल सिंधु सभ्यता काल में सामुहिक व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र था। लोथल की सबसे प्रमुख उपलब्धि जहाजों की गोदी (डॉकवार्ड) है। यह लोथल के पूर्वी खंड में पक्की ईटों से निर्मित एक प्रालाब जैसा घेरा है।

**प्रश्नः हड़प्पा में उन्नत जल प्रबन्धन प्रणाली का पता चलता है-**

(a) धौलावीरा में (b) लोथल में
(c) कालीबंगन में (d) आलमगीरपुर में

**46वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2003-04**

**उत्तरः (a),** गुजरात में अवस्थित हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख स्थल धौलावीरा में उन्नत जलप्रबंधन प्रणाली का वर्णन है। इसका उत्खनन रविन्द्र सिंह विष्ट के नेतृत्व में 1990-91 में की गई थी। जबकि धौलावीरा की खोज 1967-68 में जे.पी. जोशी ने की थी।

**प्रश्नः हड़प्पा में मिट्टी के बर्तनों पर सामान्यतः किस रंग का उपयोग हुआ था?**

(a) लाल (b) नीला, हरा
(c) पांडु (d) नीला

**40वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1995**

**उत्तरः (a),** हड़प्पा सभ्यता का मिट्टी बर्तन मुख्यतः लाल रंग के थे एवं उस पर चमकदार लेप चढ़ा था।

**प्रश्नः सिन्धु सभ्यता निम्नलिखित में से किस काल में पड़ती है?**

(a) ऐतिहासिक काल (b) प्रागैतिहासिक काल
(c) उत्तर ऐतिहासिक काल (d) आदि-ऐतिहासिक काल

**39वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1994**

**उत्तरः (b),** सिंधु घाटी सभ्यता का काल 2300 BC से 1900 BC तक माना जाता है। सिंधु सभ्यता प्रागैतिहासिक काल का भाग है। प्रागैतिहासिक को ही आद्य इतिहास भी कहा जाता है। यह इतिहास का वह भाग है, जहां पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध तो है पर उसे अब तक पढ़ा नहीं गया एवं साहित्यिक साक्ष्यों का अभाव भी है।

- हड़प्पा की लिपि पढ़ने में अभी सफलता प्राप्त नहीं हुई है इसलिए इसे प्रगैतिहासिक काल का एक भाग माना जाता है।

## वैदिक काल

**प्रश्नः निम्न में से कौन-सी नदी सप्त-सिंधव में समाविष्ट नहीं थी?**

(a) झेलम (b) चिनाब
(c) रावी (d) साबरमती
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2019**

**उत्तरः (d),** आर्य सभ्यता का केंद्र सप्तसिंधु प्रदेश को माना जाता है। ऋग्वेद के नदीसूक्त (10/75) में सप्तसिंधु प्रदेश में प्रवाहित होने वाली नदियों का एक साथ वर्णन है जिसमें मुख्य थे- कुभा (काबुल नदी), क्रुमु (कुर्रम), गोमती (गोमल), सिंधु, पुरुष्णी (रावी), शुतुद्री (सतलज), वितस्ता (झेलम), अस्कनी (चिनाब) का उल्लेख किया गया है।

- सप्त सिन्धु प्रदेश की नदियों में साबरमती का उल्लख नहीं किया गया है, साबरमती नदी राजस्थान में उदयपुर के दक्षिण-पश्चिम से निकलकर उदयपुर और सिरोही जिलों में प्रवाहित होकर गुजरात में प्रवेश कर खम्भात की खाड़ी में गिरती है। इस नदी का नाम 'साबर' और 'हाथमती' नामक नदियों की धाराओं के मिलने के कारण 'साबरमती' पड़ा। साबरमती नदी का उद्गम राजस्थान के उदयपुर जिले में अरावली श्रृंखला के दक्षिण भाग में स्थित धेबार झील से होता है।

**प्रश्नः ऋग्वेद का कौन-सा मंडल पूर्णतः 'सोम' को समर्पित है?**

(a) सातवां मण्डल (b) आठवां मण्डल
(c) नौवां मण्डल (d) दसवां मण्डल

**42वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1997-98**

# 02 भारत एवं विश्व का भूगोल

## भौतिक भूगोल

### भारत एवं विश्व की भौगोलिक स्थिति

**प्रश्न: भौगोलिक क्षेत्र की दृष्टि से भारत के निम्न जिलों में से कौन-सा जिला सबसे बड़ा है?**

(a) लेह (b) कच्छ
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (b),** कच्छ जिला भारत के गुजरात राज्य का एक जिला है। जिले का मुख्यालय भुज है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत का सबसे बड़ा जिला है, जिसका क्षेत्रफल 45,674 वर्ग किमी. है। प्राचीन महानगर धोलावीरा, जहाँ पुरातन सिन्धु संस्कृति विकसित हुई थी, कच्छ जिलें में स्थित है। कच्छ में प्राय: कच्छी भाषा, सिंधी भाषा व गुजराती भाषा का प्रयोग होता है।

- कच्छ जिले को दस तालुकाओं में विभाजित किया गया है: अबडासा (अडासा-नालिया), अंजार, भचाऊ, भुज, गांधीधाम, लखपत, मांडवी, मुंद्रा, नखत्राणा और रापर।

**प्रश्न: निम्न में से किस महाद्वीप में सबसे अधिक देश हैं?**

(a) यूरोप (b) एशिया
(c) अफ्रीका (d) उत्तरी अमेरिका
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (c),** अफ्रीका महाद्वीप में सबसे अधिक 54 देश हैं। पृथ्वी 71% जल और 29% स्थल से मिलकर बनी है। पृथ्वी का स्थल भाग कई छोटे और बड़े द्वीपों में बटां हुआ है। बड़े द्वीपों को महाद्वीप कहा जाता है।

- इस महाद्वीप में विशाल मरुस्थल, अत्यन्त सघन वन, विस्तृत घास के मैदान, बड़ी-बड़ी नदियाँ व झीलें तथा विचित्र जंगली जानवर हैं। मुख्य मध्याह्न रेखा (0°) अफ्रीका महाद्वीप के घाना देश की राजधानी अक्रा शहर से होकर गुजरती है। यहाँ सेरेनगेती और क्रुजर राष्ट्रीय उद्यान है।
- युगांडा, तंजानिया और केन्या की सीमा पर स्थित विक्टोरिया झील अफ्रीका की सबसे बड़ी तथा सम्पूर्ण पृथ्वी पर मीठे पानी की दूसरी सबसे बड़ी झील है। यह झील विश्व की सबसे लम्बी नदी नील के पानी का मुख्य स्रोत है।

**प्रश्न: भौगोलिक क्षेत्र की दृष्टि से जापान का सबसे बड़ा द्वीप है**

(a) होकैडो (b) होंशु
(c) शिकोक (d) क्युशु
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (b),** होन्शू जापान का सबसे बड़ा द्वीप है। यह त्सुगारु जलडमरू के पार होक्काइदो द्वीप से दक्षिण में, सेतो भीतरी सागर के पार शिकोकू द्वीप के उत्तर में और कानमोन जलडमरू के पार क्यूशू द्वीप से पूर्वोत्तर में स्थित है। होन्शू दुनिया का सातवां सबसे बड़ा द्वीप है और इंडोनेशिया के जावा द्वीप के बाद विश्व का दूसरा सर्वाधिक जनसँख्या वाला द्वीप भी है। जापान की राजधानी टोक्यो होन्शु के मध्य-पूर्व में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 2,27,962 वर्ग किमी है, जो ब्रिटेन से बड़ा है और भारत के उत्तर प्रदेश राज्य से छोटा है।

**प्रश्न: ग्रीनलैंड निम्न देशों में से किस देश का भाग है?**

(a) डेनमार्क (b) फिनलैंड
(c) कनाडा (d) युनाइटेड किंगडम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (a),** ग्रीनलैंड (लोगों की भूमि) डेनमार्क राजशाही के अधीन एक स्वायत्त घटक देश है, जो आर्कटिक और अटलांटिक महासागर के बीच कनाडा आर्कटिक द्वीपसमूह के पूर्व में स्थित है। हालांकि भौगोलिक रूप से यह उत्तरी अमेरिका महाद्वीप का एक हिस्सा है, लेकिन 18वीं सदी के बाद से यूरोप (खास तौर पर डेनमार्क) से राजनीतिक रूप से जुड़ा हुआ है।

- 1979 में डेनमार्क ने ग्रीनलैंड को स्वशासन प्रदान किया और 2008 में ग्रीनलैंड ने स्थानीय सरकार को अधिक दक्षता हस्तांतरण के पक्ष में मत दिया। इसके साथ ही डैनिश शाही सरकार केवल विदेशी मामलों, सुरक्षा और आर्थिक नीति तक ही सीमित रह गई।
- ग्रीनलैंड क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है, जो अपने आप में एक महाद्वीप नहीं है। इसके अलावा यह दुनिया का सबसे विरल जनसंख्या वाला देश है। लेकिन 1950 के दशक के बाद से वैज्ञानिकों की यह परिकल्पना है कि यह देश वास्तव में तीन अलग-अलग द्वीपों से बना है, जो ग्लेशियर के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ग्रीनलैंड ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका को छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है, जो महाद्वीप नहीं हैं।

**प्रश्न: निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्रवाल-भित्ति नहीं पाई जाती है?**

(a) कैम्बे की खाड़ी (b) मन्नार की खाड़ी
(c) कच्छ की खाड़ी (d) लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2019**

**उत्तर: (a),** भारत में प्रवाल भित्ति मुख्यत: 4 क्षेत्रों में पाई जाती हैं-

- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (सर्वाधिक)
- कच्छ की खाड़ी (सबसे कम)
- मन्नार की खाड़ी
- लक्षद्वीप
- इन क्षेत्रों के अलावा तरकरली, अंग्रिया (Angria Bank) विजयदुर्ग (महाराष्ट्र), नेटरानी द्वीप (कर्नाटक) आदि में पाई जाती हैं। कैम्बे की खाड़ी दक्षिणी गुजरात में अवस्थित है।

- यह खाड़ी काठियावाड़ प्रायद्वीप और गुजरात को अलग करती है। तापी, नर्मदा, माही तथा साबरमती नदियाँ इसमें अपना मुहाना बनाती हैं। इसे अब खम्बात की खाड़ी भी कहा जाता है परन्तु प्रवाल नहीं पाए जाते हैं इस क्षेत्र में मैंग्रोव वन पाए जाते हैं।
- प्रवालों की उत्पत्ति उष्णकटिबंधीय सागरों में 30° उत्तरी तथा 30° दक्षिणी अक्षांश रेखा के मध्य होती है यह सिलेन्ट्रेट वर्ग का प्राणी होता है, जो चूने पर निर्वाह करता है। इसकी लम्बाई लगभग 1 सेमी० तक होती है। प्रवाल तट के समीप छिछले समुद्र में पाये जाते हैं। प्रवाल के शरीर पर कैल्शियम कार्बोनेट की खोल पायी जाती है।

**प्रश्न: निम्नलिखित में से कौन-सा एक सबसे सूखा स्थान है?**

(a) मुम्बई (b) दिल्ली
(c) लेह (d) बेंगलुरू

**56-59वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2015**

**उत्तर: (c),** लेह भारत के सर्वाधिक शुष्क क्षेत्रों में से एक है। यहां औसत वर्षा 8-9 सेमी. होती है। इसे शुष्क मरुस्थल भी कहा जाता है।

- लेह (Leh) भारत के लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश की राजधानी है। यह जिले का मुख्यालय है और जिले तथा पूरे लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश का सबसे बड़ा शहर है। लेह जिले के पूर्व में अक्साई चिन और तिब्बत का न्गारी विभाग, उत्तर में शक्सगाम घाटी व शिंजियांग, दक्षिण में हिमाचल प्रदेश और पश्चिम में कारगिल जिला स्थित है।
- इतिहास में लेह इन सभी स्थानों और इन से आगे के क्षेत्रों को जोड़ने वाले व्यापारिक मार्ग पर एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा है। लेह से श्रीनगर, कुल्लू घाटी और काराकोरम दर्रे को राजमार्ग जाते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1 D इसे उत्तर पश्चिम में श्रीनगर से जोडता है।
- 19वीं व 20वीं शताब्दी में यहाँ डोगरा राजवंश का प्रभुत्व बन गया और आगे चलकर यह स्वतंत्र भारत का भी एक अभिन्न भाग बना। यहाँ एशिया की सर्वाधिक ऊँची मौसमी वेधशाला (meteorological observatory) है।

**प्रश्न: क्षेत्रफल के क्रम में भारत के बड़े राज्य हैं**

(a) राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र
(b) मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र
(c) महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश
(d) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान

**53-55वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2011,**
**48-52वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2007-08**

**उत्तर: (a),** राजस्थान का क्षेत्रफल–3,42,239 वर्ग कि.मी.

- मध्य प्रदेश का क्षेत्रफल–3,08,000 वर्ग कि.मी.
- महाराष्ट्र का क्षेत्रफल–3,07,713 वर्ग कि.मी.

**प्रश्न: अमृतसर एवं शिमला लगभग एक ही अक्षांश पर स्थित हैं, परन्तु उनकी जलवायु में भिन्नता का कारण है**

(a) उनकी ऊँचाई में भिन्नता (b) उनकी समुद्र से दूरी
(c) शिमला में बर्फ़बारी (d) अमृतसर में प्रदूषण

**53-55वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2011**

**उत्तर: (a),** दोनों की ऊँचाई में भिन्नता के कारण शिमला की जलवायु ठंडी है। क्योंकि ऊंचाई बढ़ने के साथ तापमान घटता है। विरल वायु के कारण पर्वतीय प्रदेश मैदानों की तुलना में अधिक ठंडे होते है।

**प्रश्न: काहिरा का समय ग्रीनविच से दो घंटा आगे है, अत: यह स्थित है**

(a) 30° पश्चिम देशांतर पर (b) 30° पूर्व देशांतर पर
(c) 28° पूर्व देशांतर पर (d) 28° पश्चिम देशांतर पर

**53-55वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2011**

**उत्तर: (b),** चूँकि 1° देशांतर परिवर्तन से समय ग्रीनविच से 4 मिनट आगे या पीछे हो जाता है। यदि देशांतर पूर्व है तो आगे तथा यदि देशांतर पश्चिम है तो समय पीछे हो जाता है।

अत: $30° \times 4 = 120 = +2$ घंटा

अत: काहिरा 30° पूर्व देशांतर पर स्थित है।

**प्रश्न: रांची शहर स्थित है---**

(a) बिहार में (b) मध्य प्रदेश में
(c) उड़ीसा में (d) झारखंड में

**48-52वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2007-08**

**उत्तर: (d),** रांची शहर झारखण्ड राज्य की राजधानी है। कर्क रेखा रांची के नजदीक से गुजरती है।

- यह झारखंड का तीसरा सबसे प्रसिद्ध शहर है। इसे झरनों का शहर भी कहा जाता है। जब यह बिहार राज्य का भाग था तब गर्मियों में अपने अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के कारण प्रदेश की राजधानी हुआ करती थी। झारखंड आंदोलन के दौरान राँची इसका केन्द्र हुआ करता था।
- राँची एक प्रमुख औद्योगिक केन्द्र भी है। जहाँ मुख्य रूप से एच ई सी (हेवी इंजिनियरिंग कारपोरेशन), भारतीय इस्पात प्राधिकरण, मेकन इत्यादि के कारखाने हैं। राँची के साथ-साथ जमशेदपुर और बोकारो इस प्रांत के दो अन्य प्रमुख औद्योगिक केन्द्र हैं।

**प्रश्न: भारत अवस्थित (Located) है -**

(a) आक्षांश 12°4' उ., से 37°6' द., तथा देशांतर 68°7' पूर्व से 97°25' पू. के मध्य
(b) आक्षांश 8°4' उ., से 36°6' द., तथा देशांतर 68°7' पूर्व से 99°25' पू. के मध्य
(c) आक्षांश 8°4' उ., से 37°6' द., तथा देशांतर 68°7' पूर्व से 97°25' पू. के मध्य
(d) आक्षांश 8°4' उ., से 34°6' द., तथा देशांतर 58°7' पूर्व से 97°25' पू. के मध्य

**46वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2003-04**

**उत्तर: (c),** भारत 8°4' उत्तरी आक्षांश से 37°6' उत्तरी आक्षांश और 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक फैला हुआ है। इस तरह भारत अक्षांशीय और देशंतरीय विस्तार लगभग 30° तक है।

**प्रश्न: भारतीय प्रामाणिक समय (I.S.T) एवं ग्रीनविच मध्य समय (G.M.T) में अन्तर पाया जाता है-**

(a) +4½ घंटे (b) +5½ घंटे
(c) –5½ घंटे (d) –4½ घंटे

**45वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2002**

**उत्तर: (b),** भारत का प्रमाणिक समय 82½° पूर्वी देशांतर से लिया जाता है। अत: भारत का प्रमाणिक समय ग्रीन विच मध्य समय से 5½ घंटा आगे है। (चूंकी पृथ्वी के 1° घुमने में 4 मिनट का समय लगता है।)

**प्रश्न: किसी स्थान का मानक समय निर्धारित करने का आधार होता है:**

(a) देशांतर रेखा (b) अक्षांश रेखा
(c) अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (d) प्रधान मध्याह्न रेखा

**43वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1999**

**उत्तर: (d),** मानक समय निर्धारित करने के लिए आधार प्रधान मध्याहन रेखा है। प्रधान मध्याहन रेखा को ही 0° देशांतर कहते हैं, जो लंदन के ग्रीनवीच स्थान से गुजरती है। भारत में मानक समय मिर्जापुर के निकट नैनी से लिया जाता है।

# 04 भारतीय राजव्यवस्था

## भारत का संवैधानिक विकास

**प्रश्नः किस अधिनियम के बारे में जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि "हमें एक ऐसी कार दी गई थी जिसमें सिर्फ ब्रेक थे किन्तु इंजन नहीं था"?**

(a) 1858 का अधिनियम (b) 1909 का अधिनियम
(c) 1919 का अधिनियम (d) 1935 का अधिनियम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (d),** जवाहर लाल नेहरु ने 1935 के अधिनियम के संबंध में कहा था की हमें एक ऐसी कार दी गई थी जिसमें सिर्फ ब्रेक थे किन्तु इंजन नहीं था।

**अधिनियम के प्रावधान**

- इस अधिनियम ने द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त किया।
- प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली की स्थापना की और मत देने के अधिकार का विस्तार कर कुल 35 मिलियन लोगों को मत देने का अधिकार प्रदान किया गया।; प्रान्तों को भी आंशिक रूप से पुनर्संगठित किया गया था।
- सिंध प्रान्त को बम्बई से अलग कर दिया गया।
- बिहार एवं उड़ीसा प्रांत को बिहार और उड़ीसा नाम के दो अलग-अलग प्रान्तों में बाँट दिया गया।
- बर्मा को भारत से पूर्णतः अलग कर दिया गया।
- अदन को भी भारत से अलग कर एक स्वतंत्र उपनिवेश बना दिया।
- प्रांतीय सदनों की सदस्यता में भी बदलाव किया गया ताकि और अधिक निर्वाचित भारतीय प्रतिनिधियों को उसमें शामिल किया जा सके। अब ये भारतीय सदस्य बहुमत प्राप्त कर सरकार भी बना सकते थे।
- संघीय न्यायालय की स्थापना की गयी।

---

**प्रश्नः ब्रिटिश शासनकाल में संविधान के विकास में कौन-सा कानून ऐतिहासिक नहीं था?**

(a) रेग्युलेटिंग ऐक्ट, 1773
(b) चार्टर ऐक्ट, 1833
(c) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1919
(d) प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ऐक्ट, 1995
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (d),** नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (The Protection of Civil Rights Act, 1955): इस कानून के माध्यम से किसी भी रूप में अस्पृश्यता अर्थात् छुआछूत का आचरण करने वाले को दंड देने का प्रावधान करता है। वर्ष 1955 में अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 बनाया गया था।

- यह अधिनियम 1 जून, 1955 से प्रभावी हुआ था, लेकिन अप्रैल 1965 में गठित 'इलायापेरूमल समिति' की अनुशंसाओं के आधार पर 1976 में इसमें व्यापक संशोधन किये गए तथा इसका नाम बदलकर नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (Protection of Civil Rights Act, 1955) कर दिया गया था।
- यह संशोधित अधिनियम 19 नवंबर, 1976 से प्रभावी हुआ और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 के अस्पृश्यता उन्मूलन संबंधी प्रावधानों के अनुरूप है।

---

**प्रश्नः भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है**

(a) 26 अक्टूबर (b) 26 नवंबर
(c) 26 जनवरी (d) 15 अगस्त
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**60-62वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2017**

**उत्तरः (b),** भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन (26 नवम्बर) भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

- भीमराव आम्बेडकर को भारतीय संविधान का प्रधान वास्तुकार या निर्माता कहा जाता है। भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतांत्रिक देश का सबसे लंबा लिखित संविधान है।
- संविधान सभा की पहली बैठक दिसंबर 1946 को हुई थी। भारतीय संविधान में वर्तमान समय में भी केवल 470 अनुच्छेद, तथा 12 अनुसूचियां हैं और ये 25 भागों में विभाजित है। परन्तु इसके निर्माण के समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित थे इसमें केवल 8 अनुसूचियां थीं।

---

**प्रश्नः भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में इनमें से कौन सर्वोच्च है?**

(a) सर्वोच्च न्यायालय (b) संविधान
(c) संसद (d) धर्म

**45वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2002**

**उत्तरः (b),** भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च मौलिक कानून है। शासन के सभी अंग संविधान से ही शक्तियां प्राप्त करते हैं। भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन (26 नवम्बर) भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

---

## संविधान का निर्माण

**प्रश्नः भारतीय संविधान की प्रकृति क्या है?**

(a) संघीय
(b) एकात्मक
(c) संसदीय
(d) प्रकृति में संघीय किन्तु भावना में एकात्मक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2018**

**उत्तरः (d),** भारतीय संविधान की प्रकृति के बारे में विधिवेत्ताओं में काफी असहमती रहा है। संविधान निर्माताओं के अनुसार भारतीय संविधान संघात्मक संविधान है, परंतु वास्तविकता में यह केंद्र की तरफ झुका हुआ है। भारतीय संविधान के संघीय लक्षणों में द्वैध शासन, राज्यों एवं केन्द्रों में शक्तियों का विवरण, संविधान कि सर्वोच्चता, न्यायालय के प्राधिकार आदि प्रमुख हैं। जबकि एकात्मक लक्षण में एकल नागरिकता का प्रावधान, एकीकृत न्याय व्यवस्था, राज्यपाल की नियुक्ति, राष्ट्रपति शासन आदि प्रमुख है। अतः इस संविधान में एकात्मक के साथ-साथ संघात्मक लक्षण भी विद्यमान है।

**प्रश्नः भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' शब्द किस संशोधन के तहत जोड़ा गया?**

(a) 42वां संशोधन (b) 44वां संशोधन
(c) 46वां संशोधन (d) 74वां संशोधन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**60-62वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2017**

**उत्तरः (a),** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक सार्वभौम समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, प्रजातांत्रिक, गणतंत्र के रूप में घोषित किया गया। भारत के मूल संविधान में, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं अखण्डता शब्द वर्णित नहीं थे, इन्हें 42वें संविधान संशोधन द्वारा 1976 में प्रस्तावना में शामिल किया गया है।

**प्रश्नः निम्न शब्दों पर विचारानुसार क्रम दीजिए।**

(A) C, A, D, B (B) C, D, A, B
(C) C, D, B, A (D) D, A, C, B
(a) समाजवादी (b) प्रजातांत्रिक
(c) सार्वभौमिक (d) धर्म-निरपेक्ष

**48-52वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2007-08**

**उत्तरः (a),** भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुसार उपरोक्त शब्दों का क्रम होगा- सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य।

**प्रश्नः भारतीय संविधान में निम्नलिखित पदों का कौन-सा क्रम सही है?**

(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश-मुख्य चुनाव आयुक्त- राज्यों के मुख्य मंत्री-राज्यों के राज्यपाल
(b) राज्यों के राज्यपाल-भारत के मुख्य -न्यायाधीश-राज्यों के मुख्य मंत्री-मुख्य चुनाव आयुक्त
(c) राज्यों के राज्यपाल-राज्यों के मुख्य मंत्री-भारत के मुख्य न्यायाधीश-मुख्य चुनाव आयुक्त
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश-राज्यों के राज्यपाल-मुख्य चुनाव आयुक्त-राज्यों के मुख्य मंत्री

**46वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2003-04**

**उत्तरः (b),** देश में वरीयता (Protocol) क्रम है- 1. राष्ट्रपति, 2. उपराष्ट्रपति, 3. प्रधानमंत्री, 4. राज्यों के राज्यपाल, 5. (d) उपप्रधानमंत्री, 6. भारत के मुख्य न्यायधीश, 7. लोकसभा अधयक्ष, 8. राज्यों के मुख्यमंत्री (अपने राज्य में), 9. (d) मुख्य निर्वाचन आयुक्त।

**प्रश्नः भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को किस रूप में घोषित किया गया है?**

(a) एक सार्वभौम प्रजातांत्रिक गणतंत्र
(b) एक समाजवादी प्रजातांत्रिक गणतंत्र
(c) एक सार्वभौम समाजवादी धर्मनिरपेक्ष प्रजातांत्रिक गणतंत्र
(d) इनमें से कोई नहीं

**42वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1997-98**

**उत्तरः (c),** भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुसार भारत एक सार्वभौम, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में घोषित किया गया है।

**प्रश्नः भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया-**

(a) 26 नवंबर, 1949 को (b) 15 अगस्त, 1949 को
(c) 2 अक्टूबर, 1949 को (d) 15 नवंबर, 1949 को

**41वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1996**

**उत्तरः (a),** संविधान की उद्देशिका में 26 नवंबर, 1949 को संविधान की अंगीकरण की तिथि दी गई है। अतः इसी कारण 26 नवंबर को विधि दिवस के रूप में मनाया जाता है।

- 26 नवंबर, 1949 को इसं संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्माप्रित किया गया था।

**प्रश्नः भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सिलसिले में निम्नलिखित में कौन क्रम सही है?**

(a) गणतंत्र, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, सार्वभौम सत्ता सम्पन्न
(b) सार्वभौम सत्ता सम्पन्न, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, गणतंत्र
(c) सार्वभौम सत्ता सम्पन्न, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, गणतंत्र
(d) सार्वभौम सत्ता सम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, जनवादी, गणतंत्र

**40वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1995**

**उत्तरः (d),** 1976 ई. के 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान के प्रस्तावना में समाजवाद एवं पंथनिरपेक्षता शब्द जोड़ा गया है।

- भारतीय संविधान की प्रस्तावना का आरंभ 'हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए' से किया गया है।

**प्रश्नः भारत का प्रजातंत्र इस तथ्य पर आधारित है कि**

(a) संविधान लिखित है
(b) यहां मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं
(c) जनता को सरकारों को चुनने तथा बदलने का अधिकार प्राप्त है
(d) यहां राज्य के नीति-निर्देशक तत्व हैं

**39वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1994**

**उत्तरः (c),** प्रजातंत्र इस तथ्य पर आधारित है कि जनता स्वयं अपना स्वामी है, अर्थात अपने ऊपर शासन के लिए स्वयं सरकारों को चुनने का अधिकार है। इसके साथ ही यहां राज्य का प्रमुख वंशानुगत न होकर चयनित होता है।

## संघ एवं राज्य क्षेत्र

**प्रश्नः मणिपुर राज्य का गठन हुआ था**

(a) 1972 में (b) 1987 में
(c) 1985 में (d) 1963 में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2019**

**उत्तरः (a),** 21 जनवरी, 1972 को मणिपुर को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। इसका स्थापना दिवस 21 जनवरी है वर्तमान में यहाँ 60 सदस्यों वाली विधान सभा है।

- मणिपुर के उत्तर में नागालैंड और दक्षिण में मिजोरम, पश्चिम में असम, और पूर्व में इसकी सीमा म्यांमार से मिलती है। इम्फाल नदी यहाँ की प्रमुख नदी है।
- यहाँ के पर्वतीय क्षेत्रों में नागा व कुकी जनजाति के लोग रहते हैं। यहाँ लोकटक झील, कीबुल लामजो राष्ट्रीय उद्यान, सिरॉय की पहाड़ियाँ, अवस्थित है।

# 07 राज्य विशेष

**प्रश्नः बिहार की स्थापना कब की गई थी?**

(a) 1911 (b) 1912
(c) 1913 (d) 1914
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (b),** 22 मार्च 1912 में अंग्रेजों ने बिहार को बंगाल प्रेसिडेंसी से अलग कर नया राज्य घोषित किया था। भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार वर्तमान में 13वाँ राज्य है। 1936 ई. में ओडिशा और सन् 2000 ई. में झारखण्ड बिहार से अलग हो गया।

---

**प्रश्नः बिहार में तीनकठिया पद्धति में नील की खेती के लिए भूमि का कितना भाग अमानत रखा जाता था?**

(a) 01/10 (b) 01/03
(c) 03/20 (d) 03/25
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (c),** तीनकठिया खेती अंग्रेज मालिकों द्वारा बिहार के चंपारण जिले के रैयतों (किसानों) पर नील की खेती के लिए जबरन लागू तीन तरीकों में एक था। खेती का अन्य दो तरीका 'कुरतौली' और 'कुश्की' कहलाता था। तीनकठिया खेती में प्रति बीघा (20 कट्ठा) तीन कट्ठा जोत (3/20) पर नील की खेती करना अनिवार्य बनाया गया था।

---

**प्रश्नः बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?**

(a) श्रीकृष्ण सिंह (b) सत्यपाल मलिक
(c) नीतिश कुमार (d) राबड़ी देवी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (a),** स्वतंत्रता सेनानी 'बिहार केसरी' डॉ. श्रीकृष्ण सिंह (श्री बाबू) (1887-1961), भारत के अखंड बिहार राज्य के प्रधानमंत्री व प्रथम मुख्यमंत्री (1946-1961) थे। स्वतंत्रता सेनानी व उनके सहयोगी डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह उनके मंत्रिमंडल में उपप्रधानमंत्री, उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री के रुप में आजीवन साथ रहे। उनके मात्र 10 वर्षो के शासनकाल में बिहार में उद्योग, कृषि, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य, कला व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए।

- अविभजित बिहार के विकास में उनके अतुलनीय, अद्वितीय व अविस्मरणीय योगदान के लिए 'बिहार केसरी' श्री कृष्ण सिंह को आधुनिक बिहार के निर्माता के रूप में जाना जाता है।
- अधिकांश लोग उन्हें सम्मान और श्रद्धा से 'बिहार केसरी' और 'श्रीबाबू' के नाम से संबोधित करते हैं।

---

**प्रश्नः बिहार में कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहां हुआ था?**

(a) पटना (b) गया
(c) मुजफ्फरपुर (d) दरभंगा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (a),** बिहार में कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन पटना में आयोजित किया गया था। 1912 में कांग्रेस का अधिवेशन बांकीपुर (पटना) में हुआ था। यह कांग्रेस का 27वाँ अधिवेशन था, जिसकी अध्यक्षता रघुनाथ नरसिंह मधोलकर द्वारा की गई थी।

- इस अधिवेशन के महासचिव सच्चिदानंद सिन्हा थे तथा मौलाना मजहरुल हक स्वागत समिति के अध्यक्ष थे। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को बंबई के गोकुलदास संस्कृत विद्यालय में सेवानिवृत्त अंग्रेज सिविल सेवक ए.ओ. ह्यूम द्वारा की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष डब्लू.सी. बनर्जी थे। इस अधिवेशन में 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था, लेकिन बिहार का कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं था।

---

**प्रश्नः जयप्रकाश नारायण को कौन-सी उपाधि दी गई थी?**

(a) प्रजा हितेच्छु (b) लोकनायक
(c) लोकमान्य (d) राष्ट्रनायक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (b),** जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। उन्होंने 'सम्पूर्ण क्रांति' नामक आन्दोलन चलाया। उन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है।

- जयप्रकाश नरायण ने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियाँ शामिल है- राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। 1999 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मनित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें समाजसेवा के लिए 1965 में मैगससे पुरस्कार प्रदान किया गया था।

---

**प्रश्नः बिहार सरकार ने अगस्त 2018 में एक नयी योजना 'सतत जीविकोपार्जन योजना' शुरू की। इस योजना का उद्देश्य है**

(a) युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना
(b) ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकायों के माध्यम से रोजगार प्रदान करना
(c) अत्यधिक गरीब परिवारों को सतत आय का सृजन करने वाली परिसम्पत्ति प्रदान करना
(d) युवओं में दक्षता की वृद्धि के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (c),** सतत जीविकोपार्जन योजना उन महिलाओं के लिए है जो दूसरों की दया पर जीवन-यापन करने को विवश हैं या अत्यंत गरीबी में किसी प्रकार अपना जीवन-यापन कर रही हैं। योजना के तहत जीविका समूह की महिलाएं पंचायत स्तर पर ऐसी महिलाओं की पहचान कर उन्हें समूह से जोड़ती है। उसके बाद उन्हें स्वावलंबी होने का गुर सिखाती हैं। रोजगार को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है।

- योजना के तहत 20 हजार का अनुदान उपलब्ध करा उन्हें रोजगार से जोड़ा जाता है जीविकोपार्जन के लिए तीन किस्त में निवेश की राशि दी जाती है। पहली किस्त में 20 हजार रुपए दिए जाते हैं। अधिकतम एक लाख रुपए रोजगारी बनाने के लिए मुफ्त में दिए जाते हैं।
- सतत जीविका योजना का मुख्य लक्ष्य अनुकूलित अत्यंत-निर्धन स्नातक दृष्टिकोण (Ultra-Poor Graduation Program) के माध्यम से 100,000 अत्यंत-निर्धन परिवारों को आच्छादित करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन व गरीब महिलाओं के सशक्तीकरण एवं उत्थान की दिशा में, जीविका की मुख्य भूमिका रही है।
- सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत ग्राम संगठनों द्वारा लक्षित परिवारों का चयन कर उनका जीविकोपार्जन एवं आय आधारित गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।

**प्रश्न: बिहार सरकार के सात निश्चयों में निम्न में से कौन-सा सम्मिलित नहीं है?**

(a) महिला रोजगार
(b) साफ पीने का पानी
(c) सभी परिवारों को बिजली की आपूर्ति
(d) बाल-कल्याण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (d), सात निश्चय योजना**

- सात निश्चय बिहार योजना का अंतर्गत सड़को का निर्माण।
- बिजली की व्यवस्था करना।
- शौचालय का निर्माण कराना।
- कॉलजों का निर्माण।
- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की हर संभव कोशिश करेगी।
- सात निश्चय बिहार योजना का उद्देश्य बिहार में विकास लाना है।
- इसमें महिलाओं को सरकारी नौकरी के लिए उनके 35% आरक्षण देने का फैसला किया जिससे की उन्हें आसानी से सरकारी नोकरी मिल सके।

**प्रश्न: बिहार में प्रवाहित होने वाली निम्न नदियों में से उत्तर की ओर प्रवाहित होने वाली कौन-सी नदी है?**

(a) बागमती (b) कमला
(c) कोसी (d) गण्डक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (e),** बिहार में उत्तर की ओर बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं- घाघरा, बागमती, कमला बलान, गंडक, महानंदा।

- बिहार में दक्षिण की ओर बहने वाली प्रमुख नदियां हैं- सोन, कर्मनाशा, पुनपुन, घघर, फल्गु और क्यूल।
- भौगोलिक दृष्टिकोण से राज्य को सात नदी क्षेत्र में विभक्त किया गया है- 1. घाघरा-गंडक 2. गंडक-बागमती 3. बागमती-कोसी 4. कोसी-महानंदा 5. कर्मनासा-सोन 6. सोन-पुनपुन 7. पुनपुन-सकरी।

**प्रश्न: खनिज और जिले के निम्न जोड़ों में से कौन-सा जोड़ा सही है?**

(a) लाइमस्टोन-कैंमूर (b) माइका-भागलपुर
(c) कार्ट्जाइट-मधुबनी (d) लेड-जिंक-गया
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (a)** कार्ट्जाइट – जमुई
शीशा – भागलपुर
लिथियम – गया
डोलोमाइट – रोहतास (बंजारी)

**प्रश्न: उद्योग और स्थान के निम्न जोड़ों में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?**

(a) ऑयल रिफाइनरी-बरौनी
(b) सीमेंट-बंजारी
(c) फर्टिलाइजर-भौराही
(d) रेलडिब्बा और अभियान्त्रिकी-भागलपुर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (d),** ऑयल रिफाइनरी- बरौनी

- सीमेंट- बंजारी
- फर्टिलाइजर-भौराही
- रेल डिब्बा और अभियान्त्रिकी- जमालपुर

**प्रश्न: बिहार के निम्न जिलों में से किस जिले में ही पीड्मोंट स्वैम्प मिट्टी पाई जाती है?**

(a) मधुबनी (b) भागलपुर
(c) पश्चिमी चम्पारण (d) सीतामढ़ी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (c),** पीड्मोंट स्वैम्प मिट्टी पश्चिमी चम्पारण जिले के उत्तर-पश्चिम जिले में पाई जाती है।

- राज्य के उत्तरी भाग में और नेपाल की सीमा पर पाई जाती है। गांगेय अलुवियल मिट्टी: बिहार समतल गांगेय अलुवियनल मिट्टी से ढका है (पुरानी एवं नई दोनो) बिहार का अधिकतर भाग अलुवियल मिट्टी से पूर्ण है।

**प्रश्न: बिहार के निम्न प्रशासनिक विभागीय जोड़ों में से किस जोड़े से गंगा नदी नहीं बहती है?**

(a) दरभंगा-मुंगेर (b) पूर्णिया-भागलपुर
(c) तिरहुत-सारण (d) कोशी-मगध
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (d),** गंगा नदी बिहार के मध्य भाग में पश्चिम से पूर्व की ओर प्रवाहित होती है। भारत की सबसे लम्बी नदी गंगा की कुल लम्बाई 2500 किलोमीटर है, जिसमें बिहार में 445 किलोमीटर प्रवाहित होती है। इस नदी का बिहार में प्रवाह क्षेत्र 15165 वर्ग किलोमीटर है।

- इसका उद्गम स्थल उत्तराखण्ड की केदारनाथ चोटी के उत्तर में स्थित गंगोत्री हिमनद का गोमुख है। यह नदी उत्तर प्रदेश से बिहार के बक्सर जिला में चौसा के पास प्रवेश करती है। इस क्षेत्र में गंगा, गंडक, सरयू (घाघरा) और कर्मनाशा नदी बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा रेखा का निर्धारण करती है।
- इसमें उत्तर दिशा से (बायीं तट पर) घाघरा, गंडक, बागमती, बलान, बूढ़ी गण्डक, कोसी, महानन्दा और कमला नदी आकर मिलती है, जबकि दक्षिण दिशा से (दायी तट पर) सोन, कर्मनाशा, पुनपुन, किऊल आदि नदी आकर मिलती है।
- प्रमुख नदियों में सर्वप्रथम बिहार क्षेत्र में गंगा में सोन नदी दानापुर से 10 किलोमीटर पश्चिम में मनेर के पास आकर मिलती है।
- गंगा नदी बिहार एवं झारखण्ड के साहेबगंज जिला के साथ सीमा रेखा बनाते हुए बंगाल में प्रवेश करती है। गंगा अपनी यात्रा क्रम में बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार आदि जिलों में प्रवाहित होती है।